ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08 , अंक - 348 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

15 जून 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

39 अधिकतम

28 न्यूनतम



Page-7

### मृतकों की संख्या 275 पर पहुंची, 248 के डीएनए सैंपल, 22 ही मैच हुए

# विमान क्रैश के बाद सभी ड्रीमलाइनर की चैकिंग, हादसे की रिपोर्ट तीन महीने में

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

एयर इंडिया के विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। आज रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 22 मैच हुए हैं, जिनके शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर रखे गए हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं।



## अभी 24 विमानों की जांच होना बाकी

इधर डीजीसीए के आदेश पर एअर इंडिया ने अपनी फ्लीट में शामिल 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की वन-टाइम सेफ्टी चेकिंग की। अभी 24 विमानों की चेकिंग होनी बाकी है। एयरलाइन के पास 26 बोइंग 787- और सात बोइंग 787-9 हैं। वहीं तुर्किए के सूचना विभाग ने उस दावे को नकार दिया है जिसमें कहा गया था कि एयर इंडिया के विमान का रखरखाव टर्किश टेक्निक कंपनी ने किया था। एक ङ्ग पोस्ट में डिपार्टमेंट ने कहा कि ऐसा दावा करना जनता को गुमराह करने और भारत-तुर्की संबंधों को प्रभावित करने की कोशिश है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा है कि केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। एयरपोर्ट से 2 किमी की दूरी पर हादसा हुआ। हर पहलू से हादसे की जांच की जा रही है। ब्लैक बॉक्स बरामद हो चुका है तथा इससे हादसे का कारणों का पता चलेगा। उन्होने बताया कि 650 फीट की ऊंचाई पर खराबी आई। पायलट ने इमरजेंसी सूचना दी थी। तीन महीने में जांच टीम अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जांच टीम में डीजीसीए व आईबी अफसर शामिल है।

### डीएनए जांच से शिनाख्त के बाद पहला शव परिजनों को सौंपा

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के शिकार हुए यात्रियों की शिनाख्त के लिए डीएनए जांच कराई जा रही है। डीएनए से पुष्टि होने के बाद खेडा जिले के डाकोर की रहने वाली पूर्णिमाबेन पटेल का शव भी परिजनों को सौंप दिया गया है। जैसे ही शव उनके घर पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।बता दें कि पूर्णिमाबेन पटेल लंदन में रह रहे अपने बेटे से मिलने जा रही थीं। विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद उनका परिवार गहरे सदमे में था। शव की पहचान करना मुश्किल था, जिसके चलते उनकी डाकोर में रहने वाली बेटी के डीएनए सैंपल लिए गए थे।



## गौरीकुंड में हेलिकॉप्टर क्रैश, सात की गई जान

**देहरदून।** केदारनाथ के पास गौरीकुंड मे आज सुबह करीब 5:20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। शुरुआती जानकारी में खराब मौसम को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन कंपनी का है। उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अनुसार, हेलिकॉप्टर में सवार यात्री उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के हैं। इस हादसे को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- रुद्रप्रयाग में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद खबर मिली है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 7 जून को तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्सा कार पर गिरते ही टूट गया था। कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हेलिकॉप्टर के पंखे से हाईवे किनारे बनी दुकान की टीन शेड भी उड़ गई थी। इस दौरान दुकान में बैठे लोगों ने भागकर जान बचाई थी।



तेहरान में आग लगाने पर आमदा इजरायल

# रण हुआ भीषण...

## ईरान के रक्षा मंत्रालय, तेल डिपो समेत 150 ठिकानें बर्बाद

**तेलअवीव, एजेंसी।**

ईरान और इजराइल ने आज तड़के एक बार फिर से एक दूसरे पर कई मिसाइलें दागी। दोनों देशों के बीच बीते 48 घंटे से संघर्ष जारी है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में मौजूद रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को हिट किया। इजरायल पूरी प्लानिंग के साथ ईरान की रीढ़ की हड्डी पर वार कर रहा है। सबसे पहले ईरान के कई न्यूक्लियर संयंत्रों पर हमला करने के बाद अब उसने ईरान के तेल डिपो और गैस रिफाइनरियों को निशाना बनाया। ईरान के एक पोर्ट पर भी अटैक की खबरें हैं। इजरायल की नजर ईरान के सभी न्यूक्लियर इकाइयों को पूरी तरह से तबाह करने पर है। ईरान में पांच बड़े न्यूक्लियर प्लांट हैं. जिनमें फोर्दो से लेकर खोनडाब, नतांज, इस्फहान और बुशेहर है

दो दिन की लड़ाई में अब तक 138 ईरानी मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं।

### ईरानी हमले में इजराइल के 11 लोग मारे गए

ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। हमले में इजराइल के 11 लोग मारे जा चुके हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। ईरान ने 3 इजराइली स्न-35 विमान गिराने का भी दावा किया है। इंटर मिलान फुटबॉल क्लब के खेलने वाले स्ट्राइकर मेहदी तारेमी ईरान में फंस गए हैं। वे अब फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

इसके अलावा 350 से ज्यादा घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। इजरायल और ईरान में सुबह सायरन की आवाजों से हुई। यरुशलम और तेल अवीव जैसे बड़े शहरों में लगातार सायरन बज रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमले और तेज करने की बात कही है। तेहरान में रिहायशी इमारत पर हमले में 29 बच्चों सहित 60 लोगों की मौत भी हो गई है।

### सीएम समेत सभी मंत्री-विधायक, सांसद मौजूद

## भाजपा की क्लास की शुरूआत योग से शाह के बाद आज समूहों में होगी चर्चा

**पचमढी, दोपहर मेट्रो।**

हिल स्टेशन पचमढ़ी में भाजपा सांसद-विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग का आज दूसरा दिन है। कल केंद्रीय मंत्री ?अमित शाह के सख्त क्लास के बाद आज भी कई सत्र में मंथन होना है। आज सुबह आयोजन स्थल पर पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह भाजपा की पद्धति का हिस्सा है, इसलिए प्रशिक्षण वर्ग में हमारी विचारधारा से संबंधित चर्चा होती है। इस बीच योग सत्र के आयोजन के बीच रामपुर बघेलान से भाजपा विधायक विक्रम सिंह शॉर्ट्स और स्पोर्ट्स ड्रेस में दौड़ते हुए प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे। ऐसे में गेट पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें पहचान नहीं पाए और एक ने पूछ लिया कि- भाई, कहां जा रहे हो? बाद में वे अंदर पहुंचे। ट्रेनिंग के दूसरे दिन आज भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, हितानंद शर्मा सहित अलग-अलग नेता गण अलग-अलग सत्रों में संबोधित करेंगे।



### लाड़ली बहनों के खाते में कल आएंगे 1250

**भोपाल।** लाड़ली बहनों के खाते में योजना की मासिक किस्त 1250 रुपए सोमवार को आएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव यह राशि ट्रांसफर करेंगे, जो 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों में से प्रत्येक के खाते में 1250 रुपए आएंगे। यह राशि जबलपुर के बरगी में आयोजित एक कार्यक्रम से ट्रांसफर की जाएगी। इस पर 1551 करोड़ खर्च होंगे। इसी कार्यक्रम से 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रुपए, 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग के 39.14 करोड़ रुपए और संबल योजना के तहत 6821 श्रमिक परिवारों की 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि खातों में ट्रांसफर करेंगे।

### कुछ सवालों पर चुप, कुछ पर मुखर

## 'सोनम गैंग' से चार दिन की पूछताछ के बाद भी कई उलझनें अभी भी बाकी

**शिलांग, एजेंसी।**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस की मुख्य आरोपी सोनम को पुलिस गिरफ्त में आए एक हफ्ता हो चुका है। लेकिन पुलिस को कई गुत्थी सुलझाना बाकी है। अभी राजा मर्डर केस की आरोपी सोनम शिलॉन्ग पुलिस की रिमांड के दौरान लॉकअप में भी कड़ी निगरानी में है। छोटे से लॉकअप में उसे जमीन पर बिछाने के लिए एक दरी दी गई है। ओढ़ने के लिए एक चादर है। सीसीटीवी कैमरे से उसकी हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। वह 8 और 9 जून की दरम्यानी रात सोनम यूपी के गाजीपुर के एक ढाबे के पास पहुंची थी। जहां से उसने अपने भाई को गोविंद को कॉल किया था। आज पूछताछ का चौथा दिन है। उससे रोजाना 8 से 10 घंटे पूछताछ हो रही है। पुलिस ने यहां सभी आरोपियों को अलग-अलग लॉकअप में रखा है। खासतौर पर सोनम को बाकी आरोपियों से दूर रखा गया है। खबरों के मुताबिक सोनम यहां ग्राउंड फ्लोर के लॉकअप में है, जबकि बाकी आरोपियों को फर्स्ट फ्लोर पर रखा गया है।






**मेट्रो एंकर**

### डब्ल्यूटीसी का तीसरा चैंपियन साउथ अफ्रीका

## 1 दिन के चोकर्स बने, 5 दिन के चैंपियन

27 साल के बहुत लंबे इंतजार के बाद आखिरकार साउथ अफ्रीका का आईसीसी ट्रॉफी का सपना पूरा हो गया।लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 की खिताबी जंग में पिछले चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को अप्रत्याशित शिकस्त दी। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाली न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरी टीम बनी। बात साउथ अफ्रीका की करें तो ऑस्ट्रेलिया जैसी चैंपियन टीम के खिलाफ वनडे मैचों के सबसे बड़े रन चेस का इतिहास रचने वाली टीम बड़े मैचों के कई अहम मौकों पर फिसलने की वजह से चोकर्स कही जाने लगी थी। 2024 में भी साउथ अफ्रीका के पास जून के ही माह में चोकर्स का टैग हटाने का मौका मिला था, लेकिन उस वक्त टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के सपने को भारतीय टीम ने चकनाचूर कर दिया था। भले ही अफ्रीकी टीम को 1 दिन के मैचों से यह तमगा हटाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा,लेकिन लॉर्ड्स में मिली शानदार जीत से इस टीम ने अगले 2 साल तक टेस्ट मैचों के लिए चैंपियन का खिताब अपने नाम दर्ज कर लिया है।



आलोक गोस्वामी

लॉर्ड्स पर खेले गए इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता व गेंदबाजी का फैसला किया। आमतौर पर टेस्ट मैचों में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का प्रचलन रहा हो, लेकिन अब अधिकतर टेस्ट मैचों फैसला 4 या उससे भी कम दिनों के अंदर आने लगा है उसके बाद सभी कप्तान पहले गेंदबाजी विकल्प पर ही दांव खेलते हैं। सही मायने में इस मैदान के किसी भी टेस्ट मैच पर गौर करें तो यहां शुरुआती 2 दिन व आखिरी दिन गेंदबाजों के लिए मददगार रहता है जबकि बीच के दो दिन यानी तीसरा व चौथा दिन बल्लेबाजी के लिए बेहतर माना जाता है। अगर मैच पर नजर डालें तो दोनों ही टीमों का एकादश संयोजन( 3 पेसर,1 फिरकी ) बिल्कुल एक जैसा था। इन टीमों की तेज गेंदबाजी यूनिट वर्ल्ड के टॉप गेंदबाजों से लैस थी।मतलब साफ था कि शुरुआती 2 दिन दोनों ही टीमों के बल्लेबाजों की कठिन परीक्षा तेज गेंदबाज लेने वाले थे। ठीक ऐसा ही कुछ इस मैच में देखने को भी मिला।दो दिन तक गेंदबाजों का बोलबाला रहने के बाद त्तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के आखिरी विकेट की भागीदारी के बाद अफ्रीकी बल्लेबाजों की वापसी यही साबित करती है। हालांके मैच अगर पांचवे दिन तक जाता तो फिर इनके फिरकी निर्णायक रोल अदा कर सकते थे। साउथ अफ्रीका के कप्तान बावुमा के पहले गेंदबाजी का फैसला उनकी दूरगामी सोच का ही नतीजा कहा जा सकता है। पिच को देखने के शायद वह समझ गये थे कि मैच 5 दिनों तक किसी हाल में नही चलने वाला है,वैसे भी क्रिकेट में टी20 फॉर्मेट के आगाज के बाद 5 दिनों का टेस्ट मैच देखना सिर्फ सपाट पिचों पर ही संभव रह गया है।टेस्ट मैचों को रोमांच को जिंदा रखने के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल अभी तक लॉर्ड्स के मैदान पर किया जाना आईसीसी का सराहनीय कदम कहा जा सकता है। क्रिकेट के इस मैदान की खूबी यही है कि यहां पर एक दिन में तो टीम चोकर बन सकती है लेकिन अगर यहां जब भी कोई भी टेस्ट मैच खेला जाता है तो उसमें जीत कर चैंपियन टीम ही निकलती है।ठीक ऐसा ही कुछ 2025 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी हुआ। साउथ अफ्रीका टीम अब टेस्ट मैचों की चैंपियन बन गयी है,जिसकी वह वाकई हकदार थी।



### मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश के बाद आई तेजी

# यूपीएस तैयार करने की कवायद, सभी विभागों की जानकारी एक ही पोर्टल पर होगी उपलब्ध

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को आसानी से दिलाने के लिए यूनिफाइड पोर्टल सिस्टम तैयार करने की कवायद तेज हो रही है। इससे आमजन को सभी विभागों की सेवाएं एक ही जगह पर मिल सकेंगी। यूनिफाइड पोर्टल में सभी विभागों की 1700 सेवाओं को जोड़कर लॉन्च किया जाएगा।**

जानकारी के मुताबिक सीएम मोहन यादव के निर्देश के बाद काम में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने कहा है कि लॉ एंड ऑर्डर को कंट्रोल करने में भी ड्रोन नीति का इस्तेमाल किया जाए। दरअसल यादव ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही है। उन्होंने कहा कि जनता को विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की जानकारी देने के उद्देश्य से होर्डिंग्स लगाए जाएं। इसके अलावा उज्जैन में सिंहस्थ-2028 में तकनीकी कार्यों एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में नई तकनीक की मदद ली जाए। इसके लिए एमपी-एसईडीसी सॉफ्टवेयर और एप तैयार करें और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को भी निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नई ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन का उपयोग बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। इसके साथ ही शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

बताया जाता है कि अब कानून और व्यवस्था नियंत्रण के लिए ड्रोन के उपयोग की व्यापक कार्य योजना तैयार की जाएगी। शहरी यातायात प्रबंधन के लिए भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित होगा तथा ड्रोन के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत करते हुए डेटा संग्रहण क्षमता को बढ़ाने की कोशिश होगी। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार ने नवीन ड्रोन नीति तैयार कर इसे लागू किया है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास, रेरा, लोक निर्माण, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं में सर्वेक्षण एवं निगरानी कार्य के लिए ड्रोन की सहायता ली जा रही है।



## 21 को डोंगला में राष्ट्रीय कार्यशाला

मुख्यमंत्री यादव के मुख्य आतिथ्य में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उज्जैन में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं अन्य सहयोगियों की ओर से यह कार्यशाला डोंगला स्थित वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा जैसी गतिविधियां होंगी।

### आईटी पार्कों की संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा विभाग को कहा है कि इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर में एमपी-एसईडीसी द्वारा आईटी पार्क विकसित किए गए हैं, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के अनुकूल वातावरण एवं निवेश की बढ़ती संभावनाओं के दृष्टिगत आईटी पार्कों की संख्या बढ़ाई जाए। इंदौर सहित सभी आईटी पार्कों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

### अब यह भी होगा

- साइबर अटैक की घटनाएं रोकने एवं उनके प्रभावी निष्पादन के लिए मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी टीम का गठन।
- सभी शासकीय विभागों में मुख्य सुरक्षा अधिकारी तैनात।
- विभागों के सभी आईटी प्रोजेक्ट, वेबसाइट, ऐप्स का सिक्योरिटी ऑडिट।
- सिस्टम के सुरक्षा मानक, डेटा प्रबंधन और प्रोजेक्ट्स की कार्यक्षमता का मूल्यांकन
- समय रहते किसी भी संभावित जोखिम की पहचान एवं बचाव के उपाय।
- मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण एवं निगरानी के लिए जोनल प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।
- साइबर सुरक्षा के लिए गृह विभाग के साइबर एक्सपर्ट्स से भी इनपुट भी लिए जाएंगे।
- सिंहस्थ 2028 के टेक्निकल सपोर्ट का प्लान नगरीय आवास एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग मिलकर तैयार करेंगे।
- राज्य की स्पेस टेक नीति तैयार करने के लिए अन्य राज्यों की नीतियों का भी अध्ययन।

## मूंग खरीद का मुद्दा: जिसे अफसर जहर बता रहे, उन्हें अब किसानों की ताकत पता चली

**भोपाल।** मप्र में मूंग और उड़द की खरीदी के लिए 19 जून से किसानों का पंजीयन कराने के मुख्यमंत्री मोहन यादव के फैसले के बाद अब इसका सियासी श्रेय लेने की आपाधापी भी है। सरकार की मंशा सामने आने के बाद भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने जहां रात में ही सीएम निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आभार व्यक्त कर दिया। कांग्रेस ने इसे किसानों और कांग्रेस की संयुक्त लड़ाई की जीत बताया। कांग्रेस ने कहा है कि जो अफसर मूंग को जहर बता रहे थे वे ही किसानों और कांग्रेस की एकजुटता के बाद मूंग खरीदी के आदेश जारी करने को मजबूर हुए हैं। मुख्यमंत्री को



संबोधित ट्वीट में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि गेहूं, धान और सोयाबीन के पूरे समर्थन मूल्य का वादा अधूरा है। किसान के इस हक के लिए भी कांग्रेस निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। मूंग खरीदी के लिए आपको धन्यवाद। पोस्ट में पटवारी ने कहा कि यह किसानों की जीत है। जिन अफसरों ने मूंग को जहर बताया था, उनको अब किसान की ताकत पता लगी है। किसान संघ किसानों के साथ नहीं खड़ा था।उल्लेखनीय है कि किसानों के भारी दबाव व राजनीतिक मुद्दा बनने के बाद सरकार मूंग खरीदी के लिए तैयार हुई है साथ में उड़द भी खरीदी जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। जब तक मंजूरी मिलेगी, तब तक किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, इसके लिए 19 जून की तारीख तय की है। खास बात यह कि एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने उत्तरप्रदेश, हरियाणा व गुजरात में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को मंजूरी दी है। जिसके बाद मध्यप्रदेश में खरीदी की मांग और तेज थी। फैसले से किसानों को प्रति क्विंटल मूंग का समर्थन मूल्य 8682 मिलेगा। यह दाम केंद्र ने तय किए है।




### पचमढ़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान में मप्र के नेताओं ने लिया हिस्सा

# प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायकों ने पचमढ़ी में पौधारोपण किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश शासन द्वारा गत दिवस प्रारंभ किये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जोर शोर से पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके अंतर्गत 14 जून शनिवार को पचमढ़ी प्रवास पर आये मंत्री गणों सांसद गणों एवं विधायक गणों ने पचमढ़ी के छावनी परिषद स्थित अटल वाटिका में पौध रोपण किया। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने आम, आंवला, जामुन एवं अमरूद के पौधों का रोपण किया एवं सभी व्यक्तियों को अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने का संदेश दिया। मंत्री गणों ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए एवं उसकी पर्याप्त देखभाल भी करनी चाहिए। क्योंकि यही पौधा आगे जाकर हमें शीतल छाया एवं फल देते हैं। मंत्री गणों ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली।





एक पेड़ मां के नाम के अभियान के अंतर्गत खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, एवं प्रदेश के अन्य जिलों से आये सांसद एवं विधायक गणों ने अटल पार्क में नीम, आम, अमरूद, बरगद, पीपल एवं जामुन सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया और कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लगाये जाने वाले पौधों से प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा होती है एवं हमें इन पौधों से शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पचमढ़ी आगमन पर हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत



**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का 14 जून शनिवार को पचमढ़ी आगमन हुआ। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्य अमित शाह के पचमढ़ी आगमन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्री शाह का पचमढी हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव भी मौजूद थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं जगदीश देवड़ा सहित लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, श्रीमती प्रीती पवन शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 14 जून शनिवार को नर्मदापुरम जिले के अल्प प्रवास पर पचमढ़ी आये थे। स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात श्री शाह सायं के समय हेलीकॉप्टर से भोपाल के लिए रवाना हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के प्रस्थान के समय स्थानीय हेलीपैड पर नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, उप महानिरीक्षक प्रशांत खरे, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, एसपी डॉ गुरकरन सिंह, एसडीएम पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, न0 तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ने भोपाल तिराहे से लेकर एसपीएम पुलिया के नालों का गहरीकरण किया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बारिश पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। शनिवार को पोकलेन मशीन को एसपीएम पुलिया के पास नाले में उतारकर भारी मात्रा में उसमें जमे गाद को निकाला गया। साथ ही आसपास लगी झाड़ियों को भी साफ किया गया।

जहां जेसीबी और पोकलेन नहीं पहुंच पा रही थी वहां पर स्वच्छता दूतों को उतारकर नाले को साफ कराया गया। ध्यान रहे कि इससे स्वच्छता अभियान 1.0 के तहत बाजार क्षेत्र के बड़े नाले नालियों से अतिक्रमण हटाकर सफाई की गई थी। जिसमें सैकड़ों टन कचरा निकाला गया था। स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बारिश पूर्व स्वच्छता अभियान 2.0 को प्रारंभ कर दिया गया। आदमगढ़ नाले से शुरू हुए स्वच्छता अभियान अब भोपाल तिराहे से सीधे एसपीएम पुलिया तक पहुंच गया। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने इस संबंध में बताया कि नगरपालिका परिषद नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बारिश पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का स्वच्छता अभियान चला रही है। नागरिकों से आग्रह है कि इस स्वच्छता अभियान मे सहयोग करें तथा नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण को नगर हित में स्वयं ही हटा लें।

## विहिप का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग 21 एवं 22 जून को

**इटारसी।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जिला नर्मदापुरम का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 21 एवं 22 जून को सिवनीमालवा प्रखंड में श्री राम जानकी मंदिर जयस्तंभ पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें संपूर्ण जिला एवं प्रखंड समिति का सम्मिलित होना अनिवार्य किया गया है। वर्ग स्थान पर 21 जून को दोपहर 2 बजे वर्ग प्रारंभ होगा और 22 जून को सायं 4 बजे वर्ग का समापन होगा। जिलाध्यक्ष डॉ सुभाष दुबे ने बताया कि पूरे देश में प्रांतीय स्तर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग लग चुके हैं। इसी कड़ी में अब जिले स्तर पर अभ्यास वर्ग लगने की सूचना है। सभी कार्यकर्ता समय पर पहुंचकर अपना स्थान सुनिश्चित करें।

# ग्रामों में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता एवं वन संरक्षण पर विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

ग्रामीण विकास समिति के द्वारा इमलीडोल, हाथीडोल, जरूआ ग्रामों में वन समितियों के साथ जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, जैव विविधता संरक्षण, जल एवं वन संपदाओं के संरक्षण और भूमि क्षरण को रोकने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय विशेषकर महिलाओं और युवाओं को पर्यावरणीय विषयों पर जागरूक बनाना और उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना। तीनों ग्रामों में आयोजित प्रशिक्षणों में कुल 102 ग्रामीणों ने सहभागिता की, जिनमें 48 महिलाएं एवं 54 पुरुष सम्मिलित थे। प्रशिक्षण के दौरान वनरक्षक अभिषेक मोदी ने जलवायु परिवर्तन और इसके दुष्परिणाम जैव विविधता का महत्व और इसके संरक्षण के उपाय बताएं। वनपाल खूबसिंह ठाकुर ने वर्षा जल संचयन एवं जल स्त्रोतों का संवर्धन वनों की कटाई रोकने एवं सामुदायिक वनों के संरक्षण की रणनीतियों पर सुझाव दिए। राजेश सिंह ने भूमि क्षरण और

> ■ ग्रामों में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता एवं वन संरक्षण पर विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न

मिट्टी के संरक्षण के उपाय पर विस्तार से बताया जिससे ग्रामीणों को पर्यावरणीय मुद्दों की गंभीरता को समझने में सहायता मिली। प्रतिभागियों ने इन विषयों पर रुचि लेकर प्रश्न पूछे और अपने अनुभव भी साझा किए। धरमदास पाल ने बताया जीव्हीएस द्वारा गोरईया नदी के उदगम स्थल पर पांच तलईयों को बनाकर जीर्णोउद्धार किया गया हैं। बरसात में तीन हजार पौधा रोपण किया जाना हैं जिसके लिए सभी तैयार रहे। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन अन्य ग्रामों में किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण समुदाय पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सहभागी बन सकें। इस दौरान सरपंच नवल झारिया, ज्योति राव, सुषमा यादव, ज्योति रैकवार, नीरज यादव, भागीरथ केवट का विशेष सहयोग रहा।

## अगर सिवनीमालवा के लोगों की समस्याओ का हल नहीं होगा तो करेंगे बड़ा आंदोलन

**सिवनीमालवा।** जनता सुनवाई मंच के कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी सरोज परिहार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि विगत 12 दिनों से तहसील कार्यालय के सामने हम लोग टेंट लगाकर जनता की सुनवाई कर रहे है। जनता द्वारा बरसो से तहसील कार्यालय के चक्कर लगाए जा रहे है। जिनकी सुनवाई हमारे द्वारा की गई है। जिसमें लगभग 109 आवेदन आए है। जिसमें नामांतरण, बटवारा, नक्शा सुधार, ऑनलाइन चढ़ना सहित विभिन्न प्रकार की अलग अलग समस्याओं से लोग परेशान है। सभी की समस्याओं का हल जल्द से जल्द शिविर लगाकर किया जाए अन्यथा जनता सुनवाई मंच जल्दी ही एक बड़ा आंदोलन करेगा । प्रवीण अवस्थी ने बताया कि हमारे द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया,हम जनता की परेशानियों के साथ खड़े हैं। इस दौरान एसडीएम सरोज परिहार ने बताया कि किसी ना किसी खामियों के कारण लोगो के काम रुके हुए है,आपके संगठन के माध्यम जो आवेदन प्राप्त हुए है उन्हें जल्द शिविर लगाकर समाप्त किया जाएगा । इस अवसर पर प्रवीण अवस्थी , राजा तिवारी , अमित पालीवाल , विकास पाठक , विवेक शर्मा , दीपक पालीवाल , सुनील यादव, लक्की राठौर , सचिन माहेश्वरी , गौरव यादव, अक्षत सिंह राजपूत , शिवा तिवारी सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे ।

### बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित

# बाढ नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अतिवृष्टि की स्थिति में संभावित बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में समुचित व्यवस्था के लिए जिला कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो की 15 जून 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक निरंतर 24 घंटे कार्यशील रहेगा। कंट्रोल रूम का टेलीफोन नंबर 07574-251292 है।

संपूर्ण जिले के बाढ़ प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर डीके सिंह एवं सहायक बाढ़ प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख देव शंकर धुर्वे रहेंगे, एवं आईटी कार्य के लिए नोडल अधिकारी आनंद झैरवार प्रबंधक लोक सेवा केंद्र, डीआईओ एनआईसी मनीष गुणवान एवं प्रबंधक ई गवर्नेंस संदीप चौरसिया रहेंगे।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए चक्रवार दलों का गठन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें प्रति सोमवार एवं गुरुवार को प्रातः 7:00 से दोपहर 3:00 तक सहायक ग्रेड 3 अर्पित कीर लाइट एवं विद्युत यांत्रिक की संभाग जिला नर्मदापुरम, अशोक धुर्वे सहायक मानचित्रकर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक नर्मदापुरम, हरगोविंद पटेल भृत्य हाउसिंग बोर्ड जिला नर्मदापुरम एवं दोपहर 3:00 से रात्रि 11:00 तक



श्री महेश गावंडे सहा0 ग्रेड 03 शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम, अखिल महतो सहायक कार्यालय हाउसिंग बोर्ड नर्मदापुरम, हर प्रसाद भृत्य कार्यालय लाइट एवं विद्युत यांत्रिकी उप संभाग जल संसाधन जिला नर्मदापुरम तथा रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 7:00 तक श्री चंद्रशेखर गौर सहा0 ग्रेड 03 उप संचालक उद्यान नर्मदापुरम, राकेश अहिरवार सहायक ग्रेड 3 कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम, गजेंद्र प्रधान भृत्य लाइट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिकी विभाग नर्मदापुरम की ड्यूटी लगाई गई है। प्रति सोमवार एवं गुरुवार के दल के नोडल अधिकारी माधोराव कापसे उप यंत्री मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण नर्मदापुरम रहेंगे।

इसी प्रकार प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार के दल में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 3:00 तक नवनीत मोरे सहा0 ग्रेड 03 कार्यालय वाणिज्य कर अधिकारी नर्मदापुरम श्री देवेंद्र गौर सहा0 ग्रेड 03 सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी नर्मदापुरम, राजकुमार चौरे भृत्य कार्यालय वाणिज्य कर अधिकारी नर्मदापुरम एवं दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक दुर्गेश राजपूत सहायक ग्रेड 3 उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश नर्मदापुरम, गिरवान तुमबेकर प्रयोगशाला परिचारक शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम, राम सिंह परिहार भृत्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भा0स0सं0 एक नर्मदापुरम तथा रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 7:00 बजे तक भूपेंद्र सिंह तोमर सहायक ग्रेड 3 उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा नर्मदापुरम, हेमंत चौरे प्रयोगशाला परिचारक शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम, प्रेम नारायण भृत्य शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार के दल के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार वाहने उप यंत्री उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश नर्मदापुरम रहेंगे।

प्रति बुधवार शुक्रवार रविवार के दल में प्रातः प्रातः 7:00 से दोपहर 3:00 तक श्री तरुण मेहरा सहा0 ग्रेड 03 सहायक आयुक्त आदिवासी विकास नर्मदापुरम अनिक खान कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग नर्मदापुरम, भवराव सावे भृत्य मध्य प्रदेश ग्रह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल नर्मदापुरम एवं दोपहर 03:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक कमल किशोर सोनिया सहायक चित्रकार कार्यपालन ग्रामीण यंत्री-यंत्रीकी सेवा संभाग नर्मदापुरम, तेजसिंह थापा कनिष्ठ सहायक कार्यालय एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड नर्मदापुरम, देवेन्द्र सिंह राजपूत भृत्य शा.उ.मा.वि. रायपुर नर्मदापुरम तथा रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 07 बजे तक अखिलेश विश्वकर्मा सहायक ग्रेड-3 अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम, नवीन कुमार चौरे सहायक ग्रेड-3 नियंत्रक नापतौल विभाग नर्मदापुरम, प्रभात वाडिवा भृत्य कार्यालय कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम की ड्यूटी लगाई गई है, उक्त दल के नोडल अधिकारी अंकुश यादव उपयंत्री कार्यालय हाउसिंग बोर्ड जिला नर्मदापुरम रहेंगे।

**मेट्रो एंकर** अवैध ब्लास्टिंग करने पर पुलिस और राजस्व विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

# विस्फोटक पदार्थ डेटोनेटर सहित टाटा 610 मिनी ट्रक किए जब्त

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम ने अवैध विस्फोटक पदार्थ पर कार्रवाई करते हुए विस्फोटक सामग्री सहित वाहन जब्त कर कार्रवाई की गई।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा लगातार अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्धारित किया गया था। जिस संदर्भ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं प्रभारी एसडीओपी ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात बासौदा की सूचना पर राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से विस्फोटक पदार्थ का अवैध रूप से ब्लास्टिंग करने का प्रयास करने पर समय पर कार्रवाई की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अवैध ब्लास्टिंग नहीं हो पाई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चोरावर स्थित गिट्टी क्रेशर खदान में अवैध ब्लास्टिंग की जानकारी मिली। उक्त प्राप्त सूचना पर तहसीलदार निधि पटेल एवं थाना पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुँचकर सघन निरीक्षण व विधिवत पंचनामा



कार्यवाही की गई। जिसमें जिलेटिन रॉड से भरे 38 खाली गट्टे, खदान में 42 गड्ढों में 18-20 फीट नीचे दबे हुए पाए गए। अनुमानित मूल्य 70,000 , डेटोनेटर - 45 नग, 200 फीट वायर, 1 नग एक्सप्लोडर, अनुमानित मूल्य - 30,000, टाटा 610 मिनी ट्रक अनुमानित मूल्य 15 लाख की जब्त कर कार्रवाई की गई। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से पूछताछ में दो आरोपियों के नाम सामने आए है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की जा रही है एवं विस्फोटक सामग्री को सुरक्षा की दृष्टि से मैगजीन में सुरक्षित रखा गया है।

प्रारंभिक जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि उपरोक्त सामग्री जाजपोन पठारी से ट्रक द्वारा एक साथ लाकर बिना किसी अधिकृत विशेषज्ञ ब्लास्टर या वैध अनुमति के खदान के अवैध हिस्से में ब्लास्टिंग के लिए लगाई जा रही थी। यह गतिविधि जनहानि की गंभीर संभावना उत्पन्न करती थी।

तहसीलदार द्वारा मौके पर कार्रवाई कर संपूर्ण सामग्री जप्त की गई एवं उनके प्रतिवेदन के आधार पर थाना स्तर पर अपराध क्रमांक 183/25 धारा 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी प्रकार की अवैध खनन, विस्फोटक सामग्री के उपयोग या भंडारण की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार निधि पटेल , थाना प्रभारी देहात आशुतोष सिंह, सउनि केसरी प्रसाद शर्मा, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र लोधी, प्रधान आरक्षक अजय गर्ग,आरक्षक प्रयागराज गुर्जर, आरक्षक मुकेश ठाकुर,आरक्षक सुरजीत जाट राजस्व राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी किशन मांडवी थे ।

# कोतवाली पुलिस की प्रभावी कार्रवाई, 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ़्तार



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले के सौराई मल्टी क्षेत्र में घटित गंभीर मारपीट की घटना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ़्तार किया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गई।

### संक्षिप्त विवरण

घटना की जानकारी अनुसार फरियादी हर्ष उर्फ भोला अहिरवार निवासी सौराई मल्टी विदिशा को, आरोपियों अभिषेक माझी और मोहित मांझी द्वारा रास्ता रोककर गाली-गलौच की गई और जानलेवा हमला किया गया। आरोपी अभिषेक माझी ने लोहे की रॉड से फरियादी के सिर पर हमला कर गंभीर चोट पहुँचाई जिससे खून बहने लगा। वहीं, आरोपी मोहित माझी ने डंडे से फरियादी के हाथ-पैर, पीठ और सिर पर वार किए जिससे फरियादी को कई गंभीर चोटें आईं।

### अपराध पंजीबद्ध कर की गई कार्रवाई

उक्त घटना पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 475/25 धारा 296, 126(2), 109, 3(5) ब्न्हस्के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### गिरफ्तार आरोपी

मुख्य आरोपी अभिषेक माझी पिता शिवलाल माझी, उम्र 20 वर्ष, निवासी सौराई मल्टी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया है।

### इसनका रहा विशेष योगदान

निरीक्षक आनंद राज, उप निरीक्षक दीपक राठौर, रणवीर सिंह, रघुराज सिंह, सउनि रघुवीर राय, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र रावत, राजकुमार बघेल, जितेन्द्र खटीक, आरक्षक अरविंद पाठक एवं अजय सिकरवार की संयुक्त टीम ने तत्परता एवं समर्पण से कार्य कर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की।

## कलेक्टर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान तहत क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की

# अधिकारी किसानों से चर्चा कर पता करें कि उनकी क्या परेशानियां हैं : कलेक्टर

### 15 दिवस तक लगातार 135 ग्रामों में शिविरों का आयोजन हुआ

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत संपन्न हुए शिविरों में किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित इस विशेष बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने 12 मई से 12 जून तक क्रियान्वित विकसित कृषि संकल्प अभियान में जिले के किसानों के लिए आयोजित शिविरों के माध्यम से क्या-क्या नवाचार किए गए हैं एवं कृषकों को किन-किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है तथा कृषकों की क्या-क्या समस्याएं हैं के संबंध में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर जानी हैं।

बैठक में अवगत कराया गया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत 15 दिवस तक लगातार 135 ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 12360 किसान उपस्थित हुए और अभियान तहत कृषि से संबंधित जानकारियां प्राप्त की हैं। इन शिविरों में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को खेती से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई नवाचार करने और खेती की नवीन किस्मों से भी अवगत कराया गया था।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनकी शिविरों में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए वह किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हों और वह क्या-क्या नवाचार अपना कर खेती में किस तरह अग्रसर हो रहे हैं की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। कृषकों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं के संबंध में भी उन्होंने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने छोटे कृषकों को शासन की स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि किसानों को छोटे-छोटे ऋण मुहैया कराए जाएं 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का ऋण यदि किसानों को मिलेगा तो वह अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने कृषि सहित अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विकसित कृषि संकल्प अभियान अवधि में आयोजित शिविरों के माध्यम से जिन कृषकों को लाभान्वित किया गया है उनके नामों की सूची उपलब्ध कराएं तथा शिविर में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने कितने आवेदन आए इसकी जानकारी भी प्रस्तुत करें।



### कृषि संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं

विकसित कृषि संकल्प अभियान के 15 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कृषकों को फसल व किस्म में बदलाव, मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नरवाई प्रबंधन, प्राकृतिक व जैविक खेती, खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, रेड बैड पद्धति से बुवाई, धान की सीधी बुवाई तकनीक, एकीकृत कीट रोग प्रबंधन तकनीक, ड्रोन तकनीक, मोटा अनाज उत्पादन तकनीक, पशुपालन, टीकाकरण, बकरी पालन, मुर्गी पालन व मछली पालन आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी देकर कृषकों की आय में वृद्धि करने का प्रयास किया गया है।

### शिविरों में यह गतिविधियां रहीं विशेष

यह भी अवगत कराया गया कि विकसित कृषि संकल्प अभियंत है जो गतिविधियां आयोजित की गई उनमें मृदा नमूना एकत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, नरवाई प्रबंधन हेतु शपथ गृहण कार्यक्रम, ड्रोन का प्रदर्शन, जे फार्म पोर्टल पर किसानों का पंजीयन, सुपर सीडर हेतु पंजीयन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार, बी-1 का वाचन और इफ्को द्वारा नैनो डीएपी एवं यूरिया का प्रचार शामिल हैं।

### अभियान में इन विभागों का योगदान रहा

इस अभियान के दौरान कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उपज मण्डी, इफको, बिजली विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग, कॉपरेटिव बैंक फसल बीमा अधिकारी व अन्य विभागों का भी योगदान रहा। विभागीय अधिकारियों के द्वारा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, कृषि सिंचाई योजना, कृषि विकास योजना, मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय पशु धन एवं डेयरी विकास योजना की जानकारी कृषकों को दी गई। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया सहित कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सालों बाद भी नहीं सुधर सकी नगर की साप्ताहिक हाट बाजार व्यवस्था

**आज भी मुख्य सड़क पर बना रहता दुर्घटना का भय**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



नगर पालिका द्वारा स्वर्णिम सिरोंज के संपने को संजोये हुये कार्य करने के दावे करती है मगर वर्षो बाद भी नगर का मुख्य बाजार साप्ताहिक हाट बाजार को एक व्यवस्थित स्थान अबतक नहीं मिल सका है और साप्ताहिक हाट बाजार में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को दुर्घटना के भय में अपनी मजबूरीवष दुकानें व्यस्तम सड़क तालाब किनारे लगाना पड़ रही है। विदित होकि पूर्व नपाध्यक्ष उर्मिला रमेष यादव के समय अवष्य हाट बाजार राज बाजार में लगता है उसके बाद साप्ताहिक हाट बाजार, नवीन सब्जी मंडी, तालाब किनारे पर लगने लगा है जिससे न तो साप्ताहिक हाट बाजार में अब ज्यादा दुकानें लगती है और ना ही अब खरीददार पहुँच रहे है। उल्लेखनीय होकि साप्ताहिक हाट बाजार में सिर्फ नपा द्वारा बाजार बैठक शुल्क लेने तक सीमित कर रखा है और ना ही उसमें कोई सुविधाऐंद दी जा रही है और ना ही हाट बाजार को एक व्यवस्थित स्थान पर लगवाया जा रहा है। एक दुकानदार ने बताया कि हाट बाजार के लिये व्यवस्थित जगह यहॉ की राजनीति के कारण नहीं मिल रही है और इसीकारण सिरोंज काफी पीछे है। मालूम होकि तालाब किनारे लगने वाले हाट बाजार से प्रतिदिन भोपाल, लटेरी सहित अन्य स्थानों के लिये बड़े वाहनों का आवागमन लगा रहता है हाट बाजार में उमड़ने वाली भीड़ व दुकानें लगने के कारण उक्त सड़क काफी संकरी हो जाती है जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है।

## कोर्टगेट से बेरिकेड्स पोल हटते ही बाजार में बनी बार-बार जाम की स्थिति

**सिरोंज ।** यातायात पुलिस द्वारा नगर पालिका के सहयोग से गत कुछ माह पूर्व मुख्य बाजार में पुराना कोर्ट के पास मुख्य बाजार के बीचों बीच यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देष्य से पोल लगाये गये थे जिससे काफी हद तक बाजार की जाम से लोगों को राहत मिल गयीं थीं। शनिवार को देखने में आया कि सुबह के समय किसी ने उक्त पोलों को खोल दिया उसके बाद दिनभर बेरिकेड्स पोल हटने के कारण मुख्य बाजार में ऑटो सहित बड़े वाहनों को आवागमन जारी रहा है जिससे पल पल में जाम की स्थिति बाजार में बार बार बनती रहीं है। उल्लेखनीय होकि इसओर कोई जिम्मेदार द्वारा पोल पुनः लगाने की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया।

## बिजली विभाग के निरीक्षण में चोरी से चलती मिली 2 चक्की एवं 6 हीटर



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

बिजली विभाग की टीम के द्वारा पांजी, खामखेड़ा, दलपतखेड़ा, अजीतपुर, टपरिया ग्रामों का औचक निरीक्षण किया गया। ग्राम दलपतखेड़ा एवं पांजी में 2 आटा चक्की बिजली लाईन से सीधी चलाई जा रही थी साथ ही अन्य ग्रामों में चोरी से 6 बिजली हीटर जलाएं जा रहे थे। एई मोहम्मद फरीद अंसारी ने बताया कि लोगों के द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी जिसमें चक्की एवं हीटर निरीक्षण के दौरान जप्त किए गए हैं पंचनामा कार्यवाही के उपरांत बिजली चोरों पर कार्यवाही प्रस्तावित की गई हैं। आगे भी इसी तरह से ग्रामों का औचक निरीक्षण किया जाएंगा। सभी से अपील हैं कि बिजली चोरी न करें समय से अपना बिजली का बिल जमा करें। कार्यवाही के दौरान लाइन मेन अवधेश यादव, सुधीर पटैरिया, शिवम खरे, ब्रजेश अहिरवार एवं मीटर रीडर कुदू घोषी मौजूद रहे।

## सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस की कल होगी बैठक

**सिरोंज।** जमीन पर कांग्रेस खड़ी करने के लिए नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के नतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी हरीश चौधरी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कितना काम विधानसभा क्षेत्र में हुआ इसके संबंध में एक-एक कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के लिए पर्यवेक्षक आएंगे सोमवार विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक महत्वपूर्ण बैठक 11ऱ्से निजी गार्डन में होगी जिसमें जिले की पर्यवेक्षक श्रीमती ममता ,भूपेश बैरवा , राधेश्याम मालवीय, कुणाल चौधरी जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर ,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पार्टी के विधानसभा उम्मीदवार धर्मेंद्र रघुवंशी आदि की मौजूदगी में बैठक होगी इसमें सभी कार्यकर्ताओं से बन टू बन चर्चा भी की जाएगी। ब्लॉकअध्यक्ष सुरेश यादव ने जानकारी दी।

## हार्दिक जैन नीट की परीक्षा में सफल

**सिरोंज ।** मेहनत और लगन करने वालों को सफलता मिली जाती है। इस बात को साबित करने का काम हार्दिक जैन ने करके परिवार और नगर का नाम रोशन किया है नीट की परीक्षा में हार्दिक जैन ने 10271 ऑल इंडिया रैंक हासिल की तथा बॉयिज कैटिगरी में 4601 नंबर प्राप्त किया है परीक्षा पास करने के बात बताया कि मैं निमित्त रूप से अध्ययन करते हुए नीट की तैयारी बिना कोचिंग की और रिजल्ट आने पर उसका परिणाम भी सफलता के रूप में मिला आगे डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने की बात कहीं । वरिष्ठ समाजजन बबलू जैन ने बताया कि पूरे जैन समाज के साथ नगर के लोगों के लिए भी गर्व की बात है सभी सभी ने हार्दिक उज्जवल भविष्य की कामन की है।



## सद्‌गुरु कबीर के प्रकटोत्सव पर मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



**सिरोंज।** कबीर मंदिर में सद्गुरु क़बीर साहब जी का 628 वॉ प्रकट उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिको, युवा साथी, एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के भाग में प्रातः आरती दोपहर में भजन सत्संग एवं कार्यक्रम का समापन संध्या कालीन आरती के साथ साथ सभी प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत कर एक महिला समिति का गठन किया गया। महिला समिति के सदस्यों में जिला अध्यक्ष सुश्री इंजी.पूजा पंथी, सिरोंज अध्यक्ष श्रीमती निशा पंथी, सचिव श्रीमती हरिबाई पंथी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती मयूरी श्याम पंथी को बनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंजिनियर पूजा पंथी, षिवचरण पंथी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिलाऐं शामिल रही।

## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतको को आईजा ने दी श्रदांजलि

**सिरोंज।** अभी हाल ही में देश को झकझोरने वाली ऐसी दुर्घटना हुई जिसने पूरे देश झकझोर दिया। कुछ मिनटो में ऐसा बडा हादसा जिसकी किसी को उम्मीद भी नही थी। तो वही विगत दिन पूर्व गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मृत लोगों को ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्टस एसोशियएन आईजा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,राष्ट्रीय महामंत्री महावीर श्रीश्रीमाल एंव आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी आदि ने मृतको को श्रदांजलि अर्पित की। इस मौके पर आईजा ने कैंडल जलाकर मृतको याद किया और मृतको की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। साथ ही मृतको के परिजनो को धैर्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वही आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि अहमदाबाद की दुर्घटना के बाद पूरे देश में शौक का माहौल है वही उन्होंने इसे देश की अपूरणीय क्षति बताया। इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि अहमदाबाद में हुए हृदय विदारक हवाई हादसे में जिन्होने अपने नागरिकों को खो दिया। उन परिवार के दुख में शामिल हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होने कहा कि इस हादसे को साजिश कहे या किसी कि गलती या लापरवाही,ये विमान हादसे ने 300 निर्दोष लोग कि जान गई ओर घर बेठे ऊन के परिवार जन जीते जी ही मर गये।

**मेट्रो एंकर** शहर में तेज हवाओं के साथ एक घंटे गिरा पानी, गर्मी से मिली राहत

# प्री मानसून की पहली बारिश से किसानों के खिले चेहरे, बोवनी में जुटे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बारिश होने का इंतजार किसान बड़ी बेसब्री से कर रहे थे उनकी उम्मीद पूरी होती हुई नजर आ रही है तेज हवाओं के साथ शनिवार को एक घंटे तक पानी गिरने से जहां गर्मी से राहत मिल गई दूसरी और कृषक खरीफ़ फसल की बोनी में जुटा गए । इसी तरह एक दो बार पानी गिरने के बाद बोनी हो जाएगी दूसरी और मानसून की बारिश में 16 जून शुरू हो सकती है जिसकी संभवाना मौसम विभाग के द्वार की जा रही है। पिछले 5 दिनों से लू के करण लोगों की हालात खराब हो रही थी घरों से बाहर निकल मुश्किल हो रहा था।

वही सुबह से लेकर शाम 4 बजे तक गर्मी की कारण लोगों को बेचेनी हो रही थी वहीं एक दम से मौसम में बदलाव के बाद आसमान पर काली घटाओं ने डेरा जमालिया थोड़ी देर के बाद बारिश होने लगी। वहीं नगर पालिका प्रशासन के द्वारा मानसून को दृष्टिगत रखते हुए गली मोहल्लों की नालियों की सफाई नहीं करवाई है इस वजह से बरसात के साथ नालियों की गंदगी सड़कों पर तैर रही थी दूसरी ओर नालों का काम भी पूर्ण नहीं हो पाया इसके चलते बारिश के बाद मिट्टी के कारण सड़कों पर कीचड़ होने से दो पहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा अभी तो हल्की बारिश हुई आने वाले दिनों में मानसून आने पर बारिश होगी उस दौरान अधूरे पढ़ने नालों के कारण और भी ज्यादा दिक्कत होगी। तेज हवाओं से कई पेड़ों की डालियां गिर गई बिजली लाइन में फाइट होने से 1 घंटे तक सप्लाई भी बंद रही अभी जब हल्की बारिश में सप्लाई बंद हो रही है बारिश आरंभ होने पर और भी ज्यादा बिजली गुल होगी मानसून को लेकर बिजली कंपनी के द्वारा तैयारी नहीं कि इसमें उपभोक्ताओं को जरा सा पानी गिरने हवा चलने पर बिजली गुल होने की परेशानी से जुड़ना पड़ता है।



### मक्का की बोनी होगी ज़्यादा क्षेत्र में

लगातार सोयाबीन की खेती करने से किसानों को नुक्सान हो रहा है जिन किसानों के द्वारा मक्का की खेती उनको लाभ हो रहा है इसके चलते इस बार अधिक किसानों के द्वारा मक्का लगाने की तैयारी की जा रही है मक्का के बीज की मांग भी अधिक हो रही है जबकि सोयाबीन का बीज मांगने के लिए बहुत कम संख्या में किसान आ रहे लिए सोयाबीन का बीज की कीमत ज्यादा नहीं है मक्का की अलग-अलग वैरायटी मांगा हो रही है शहर में कई दुकानों पर मक्का का बीज मिल रहा है। बस किसानों की डीएपी खाद नहीं मिलने से भी परेशानी हो रही है।

### डब्ल्यूटीसी चैम्पियन बनने के बाद साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का छलका दर्द

# इस पल का लंबे समय से कर थे इंतजार, कुछ लोगों को हम पर शक था, देशवासियों के लिए भावुक पल



**लंदन, एजेंसी**

**आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तीसरे चक्र (2023-25) के फाइनल में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 282 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने खेल के चौथे दिन अचीव कर लिया। साउथ अफ्रीकी टीम 27 साल बाद आईसीसी खिताब जीतने में सफल रही है। इससे पहले उसने अपना पहला आईसीसी खिताब साल 1998 (विल्स इंटरनेशनल कप) में जीता था।**

साउथ अफ्रीका की खिताबी जीत में सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम और कप्तान टेम्बा बावुमा की अहम भूमिका रही। बावुमा और मार्करम ने रनचेज के दौरान तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को मुकाबले से बाहर कर दिया। चैम्पियन बनने के बाद टेम्बा बावुमा इमोशनल नजर आए। बावुमा ने ये भी कहा कि कुछ लोग हम पर शक कर रहे थे और कह रहे थे कि हमने कमजोर टीमों को हराकर फाइनल तक का सफर तय किया।

टेम्बा बावुमा ने कहा, पिछले कुछ दिन बेहद खास रहे। ऐसा लगा कि हम अपने घर साउथ अफ्रीका में हों। यहां जो सपोर्ट हमें मिला, उसने दिल छू लिया। ये पल हमारे लिए बहुत खास है। हमारे देशवासियों के लिए भी ये काफी भावुक पल है। इसे पूरी तरह महसूस करने में शायद हमें कुछ दिन लगेंगे। टीम में जो एनर्जी थी, वो शानदार रही। हम इस पल का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। हम काफी बार खिताबी जीत के करीब पहुंचे थे। हमने दिल टूटने वाले पल देखे हैं, निराशा झेली है, पुराने खिलाड़ियों के साथ वो सब महसूस किया है। लेकिन अब सूरज हमारे सिर पर चमक रहा है। उम्मीद है ये शुरुआत है और आगे भी हम ऐसा करेंगे। टेम्बा बावुमा कहते हैं, कगिसो रबाडा एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और कुछ सालों में वह आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हो जाएंगे। वह हाल में विवादों में थे, लेकिन उन्होंने वही किया जो करते आए हैं। एडेन मार्करम भी अविश्वसनीय थे। आंकड़े महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हम खिलाड़ियों के इंटेट को देखते हैं और एडेन में वह है। एक टीम के तौर पर हमने खुद को फाइनल तक पहुचाया। कुछ लोगों को हमारे सफर पर शक था। कहा गया कि हमने कमजोर टीमों को हराकर यहां तक का सफर तय किया। यह जीत देशवासियों के लिए है। मुझे पूरा यकीन है कि हमारे देशवासी इस पल को खुलकर मना रहे होंगे।




### पैट कमिंस ने हार के बाद क्या कहा?

उधर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने हार के बाद कहा, चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं, लेकिन दुर्भाग्य से यह बहुत दूर की बात रही। हमेशा कुछ चीजें होती हैं, पहली पारी में अच्छी बढ़त ली और उन्हें गेम से आउट करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। शायद दोनों तरफ से कुछ कमी रही। पिछले दो सालों का सफर शानदार रहा, लेकिन इस एक मैच में कुछ चीजें हमारे अनुरूप भी नहीं हुईं। पैट कमिंस ने आगे बताया, ऐसा लगा कि पिच सपाट होती चली गई, लेकिन यहां हालात जल्दी बदलते हैं। दुर्भाग्य से हमारे लिए ऐसा नहीं हुआ। नाथन लायन खतरनाक लग रहे थे, लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिला। एडेन मार्करम शानदार रहे। साउथ अफ्रीका पूरी तरह से खिताबी जीत की हकदार थी। उन्होंने खुद को इस मुकाबले में बनाए रखा और जैसे ही मौका मिला, उसे भुनाया।

### ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट को हराया

# 10मीटर एयर पिस्टल में सुरुचि ने वर्ल्डकप में जीता गोल्ड, भारत का टूर्नामेंट में पहला सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की नेशनल चैंपियन सुरुचि ने म्यूनिख में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने फाइनल में 241.9 अंक हासिल किए और पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट कैमिल जेद्रजेवस्की को 0.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया। कैमिल जेद्रजेवस्की को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं, चीन की याओ चियानशुआन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।



सुरुचि का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड सुरुचि का लगातार तीसरे वर्ल्ड कप स्टेज में गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स और लीमा में हुए वर्ल्ड कप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। ब्यूनस आयर्स उनका पहला इंटरनेशनल वर्ल्ड कप था। हरियाणा की रहने वाली सुरुचि ने पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर चैंपियन बनी थी। सुरुचि शुरूआती सीरीज में टॉप पर रही सुरुचि ने फाइनल में शुरूआती सीरीज में 52.1 अंक लेकर अच्छी शुरूआत की, लेकिन दूसरी पांच- शॉट सीरीज के अंत तक वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। 11वीं शॉट में 9.7 के स्कोर के बाद वह चौथे स्थान पर आ गईं।

उसके बाद उन्होंने वापसी की। यहीं से उनके प्रदर्शन में तेजी आई। 12वीं शॉट में शानदार 10.8 स्कोर कर उन्होंने फिर से बढ़त हासिल की। वहीं, 18वीं शॉट में कैमिल और याओ ने बढ़त बना ली। इसके बाद याओ ने अपनी 22वीं शॉट में 9.4 स्कोर किया, जिससे सुरुचि कैमिल के पीछे दूसरे स्थान पर आ गईं। अंतिम दो शॉट में वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। 23वीं शॉट में सुरुचि ने 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय शूटर 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी शॉट में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीत



## बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव-गेंद को एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे

**मेरीलेबोन ।** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव किए हैं। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बॉल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित हैं। यह बदलाव मेलबर्न क्रिकेट क्लब अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा, जबकि आईसीसी अगले महीने से इस नियम को शामिल कर लेगा। 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से यह नियम लागू हो जाएगा।

### बाउंड्री के बाहर जाकर बॉल उछाली तो 2 कंडीशन रहेंगी

**पहली-** पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा।

**दूसरी-** किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बॉल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बॉल उछालने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो।

# आर्या-बबूता की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता

म्यूनिख। आर्या बोरसे और अर्जुन बबूता की भारतीय जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया आर्या और बबूता अहम मौके पर धैर्य और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए चीन के खिलाड़ियों को खिताबी मुकाबले में कोई मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 635.2 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया, जो वांग और शेंग (635.9) से सिर्फ 0.7 अंक पीछे था। चीन की जोड़ी का यह स्कोर क्वालिफिकेशन विश्व रिकॉर्ड भी है। व्यक्तिगत तौर पर आर्या ने 317.5 का स्कोर किया, जबकि बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर किया। आर्या इस साल की शुरुआत में पेरू के लीमा में विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी है। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय जोड़ी इलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव 631.8 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही। नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने अमेरिका के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी पर 16-14 से जीत के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण और कुल चौथा पदक है। सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को स्वर्ण जीता था जबकि इस सप्ताह के शुरू में सिफ्त कौर समरा और इलावेनिल ने अपने-अपने व्यक्तिगत मुकाबलों में दो कांस्य पदक जीते थे।



**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## मां के हाथ का खाना खाया, प्रोटीन शेक नहीं पिया 64 की उम्र में फिटनेस पर बोले सुनील शेट्टी

सुनील शेट्टी की उम्र करीब 64 वर्ष है। मगर, फिटनेस के मामले में वे युवाओं को मात देते हैं। अक्सर फैंस जानना चाहते हैं कि सुनील शेट्टी की इस सेहत और फिटनेस का राज क्या? खुद अभिनेता ने हाल ही में इसका खुलासा किया। सुनील शेट्टी ने 10 जून को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। यहां उन्होंने कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। अभिनेता से पूछा गया, 90 का वो दशक, जब आप फिटनेस को फिल्मों में लेकर आए। आज बहुत से इंफ्लुएंसर हेल्थ टिप्स देते हैं। सुनील शेट्टी के हेल्थ का क्या मंत्र था, जो आज भी वो फॉलो करते हैं? इस पर सुनील शेट्टी ने कहा, %कंसिस्टेंसी। सोमवार से शनिवार तक, मैं वर्कआउट करता हूं। नींद, अच्छा और सादा खाना। साढ़े छह बजे तक खाना। लोग जिम और प्रोटीन शेक के बारे में बात करते हैं। पहले यह फैसला लेना है कि हमें जिम जाना है। इसमें कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है। मैं तब भी प्योर खाना खाता था, मां के हाथ का खाना। मां के हाथ से प्यार में घी ज्यादा डल जाता था, उसके लिए वर्कआउट करना। सीजन वाले फल खाना। सुनील शेट्टी ने आगे कहा, मैं आज 64 साल का हूं और मैं अगर फिट हूं तो सिर्फ इसलिए कि मैं बहुत साधारण चीजें करता हूं। मैं कभी प्रोटीन शेक नहीं लेता। मुझे वह अपने खाने में अपनी खुराक में मिल जाता है। लोग जिम और प्रोटीन शेक के बारे में बात करते हैं, लेकिन निरंतरता और अनुशासन जरूरी है। सोमवार से शनिवार कसरत जरूरी है।

## चेहरे पर बालों के लिए जोनिता गांधी को मिलते थे भद्दे कमेंट्स

# सिंगर बोलीं- लोगों ने गॉडजिला कहा

**म्यूजिक की दुनिया में जोनिता गांधी एक जाना माना नाम हैं। हाल ही में सिंगर एक इंटरव्यू में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। इस दौरान गायिका ने बताया कि लोग उन्हें चेहरे और बालों को लेकर खराब-खराब बोलते थे, जिससे उनकी जिंदगी पर बुरा असर पड़ रहा था। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।**

### मैं घर आकर रोती थी

जोनिता गांधी हॉटरफ्लाई के साथ एक बातचीत में शामिल हुईं। उन्होंने वहां अपने पर्सनल लाइफ के बुरे अनुभवों को साझा किया और अपने फेशियल हेयर को लेकर परेशान किए जाने के बारे में भी बताया। सिंगर ने कहा, 'जब मैं बड़ी हो रही थी तो मेर चेहरे पर काफी बाल थे, जिस वजह से लोग मुझे चिढ़ाते थे और खराब-खराब बोलते थे। वे मुझे गॉडजिला कहते थे, मुझे लगता है कि वे बस यही सोचते थे कि मैं बदसूरत हूं। मैं घर आकर रोती थी। यहां तक कि मेरी क्लास के पंजाबी लड़के भी मेरा मजाक उड़ाते थे। मैं अपनी बॉडी को खुद ही नहीं अपना पा रही थी, तो कोई और कैसे अपनाता।'



### संगीत ने मेरी जिंदगी बदली

आगे बातचीत में सिंगर जोनिता गांधी ने बताया, 'मेरे अंदर अभी भी वो डर है, लेकिन संगीत ने मेरी जिंदगी बदली। इसने मुझे महसूस कराया कि मैं जीवन में कुछ अलग कर रही हूं, जबकि और कुछ मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। यहां तक कि जब मैंने टोरंटो में शो किए, तो मैं अच्छे कपड़े नहीं पहनती थी। मैं कुर्ती पहनती थी, जबकि हर कोई लहंगा पहनता था। मुझे लगता है कि मैं बदसूरत बतख हूं जो हंस बन गई है।' जोनिता गांधी ने साल 2025 में फिल्म 'छावा' और 'नादानियां' में गाने गाए हैं। हिंदी के अलावा वह पंजाबी और तमिल फिल्मों में भी गाने गा चुकी हैं। वह एआर रहमान के साथ भी काम कर चुकी हैं।

# अक्षय की फिल्म का जलवा बरकरार 8 दिन में 100 करोड़ के पार कमाई!

**कई बॉलीवुड सितारों से सजी फिल्म हाउसफुल-5 ने 6 जून को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। फिल्म में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख लीड रोल में नजर आ रहे हैं। आज इस फिल्म को रिलीज हुए 8 दिन हो गए हैं। तो चलिए जानते हैं कि हाउसफुल 5 ने अभी तक कितनी कमाई कर ली है।**



### 8वें दिन कैसी रही फिल्म की कमाई?

बता दें कि फिल्म हाउसफुल-5 ने 8 दिनों में 133 करोड़ रुपयों की कमाई कर ली है। हालांकि हाउसफुल 5 की गिरती कमाई ने मेकर्स की टेंशन को बढ़ा दिया है। सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने मात्र 6 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसके साथ ही फिल्म ने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है।

### 8वें दिन कलेक्शन में 14.29 प्रतिशत की गिरावट

अक्षय कुमार की मर्डर मिस्ट्री कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 की कमाई में पिछले सोमवार से ही गिरावट देखने को मिल रही है। सैकनिल्क के मुताबिक 8वें दिन इस फिल्म की कमाई में 14.29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। फिल्म ने पहले हफ्ते में 127.25 करोड़ की कमाई की है। जबकि दूसरे हफ्ते के पहले दिन फिल्म ने महज ?6.07 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म के घरेलू बॉक्स ऑफिस की कमाई अब 133.32 करोड़ हो गई है। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन 204 करोड़ रुपये हो गया है।

### अब तक हाउसफुल 5 का कलेक्शन।।।

- पहले दिन - 24 करोड़
- दूसरे दिन - 31 करोड़
- तीसरे दिन- 32.5 करोड़
- चौथे दिन - 13 करोड़
- पांचवें दिन - 11.25 करोड़
- छठे दिन - 8.5 करोड़
- सातवें दिन - 7 करोड़
- आठवें दिन - 6 करोड़

टोटल- 133.25 करोड़

### दूसरे वीकेंड पर बढ़ेगा कलेक्शन

वहीं फिल्म विश्लेषक तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म हाउसफुल-5 की कमाई में दूसरे वीकेंड पर इजाफा देखने को मिलेगा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- इस शुक्रवार को कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। ऐसे में हाउसफुल 5 की कमाई में उछाल देखने को मिल सकती है।

### पत्नी के घर पेट्रोल लेकर पहुंचा था पति, पांच दिन बाद दोनों की मौत

# पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर लाइटर से लगाई आग फिर झुलसती पत्नी से लिपटकर सुसाइड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित परवलिया साहनी गांव में गत 9 जून की सुबह एक युवक ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल छिड़कर लाइटर से आग लगा दी। आग से झुलसती पत्नी को बचाने की बजाय वह उससे लिपट गया। चीख पुकार सुनकर परिजन ने किसी तरह आग बुझाई और दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। वहां बर्न वार्ड में दोनों का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बीती रात दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कुछ समय से पति और पत्नी के बीच विवाद चल रहाथा। विवाद के चलते पत्नी अपने मायके में रह रही थी।



पुलिस के अनुसार राधिका मेहर (35) गांव परवलिया साहनी की रहने वाली थी। उसकी शादी दीपक मेहरा से करीब पंद्रह साल पूर्व हुईथी। दीपक और राधिका का 13 साल का बेटा है। कुछ समय से राधिका और दीपक के बीच विवाद हो रहाथा। विवाद की वजह से राधिका अपने मायके परवलिया साहनी में रह रही थी। लंबे समय से मायके में रह रही राधिका को दीपक ने मनाने की कोशिश की और साथ चलने का कहा, लेकिन वह साथ जाने के लिए तैयार नहीं थी। विवाद बढ़ते ही जा रहा था। विवाद के चलते गत 9 जून को को दीपक मेहरा 9 जून की सुबह पत्नी के मायके परवलिया साहनी पहुंचा। सुबह छह बजे के आसपास की बात है। उसने पत्नी से साथ चलने का कहा। पत्नी साथ जाना नहीं चाहतीथी। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर दीपक ने अपने पास बोतल में रखा पेट्रोल राधिका पर छिड़कर दिया और लाइटर से आग लगा दी।

#### 60 फीसदी से ज्यादा जले थे दंपती

छिड़के पेट्रोल पर लाइटर की चिंगारी ने तेजी से आग पकड़ ली थी। राधिका की चीख पुकार सुनकर परिजन उसे बचाने के लिए आगे बढ़े तो आरोपी राधिका से लिपट गया। परिजन जब तक दोनों की आग बुझाते वह 60 फीसदी से ज्यादा जल चुके थे। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। करीब पांच दिन चले इलाज के बाद बीती रात पौने 1 बजे दीपक मेहर की मौत हो गई। दीपक की मौत से तीन घंटे बाद राधिका ने पौने 4 बजे दम तोड़ दिया।

### नर्मदापुरम रोड पर एमप्री गेट के सामने मिला युवक का शव

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एमप्री गेट के पास ग्रीन बेल्ट पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव करीब दो दिन पुराना होने के कारण डिकंपोज होने लगा था। हैरानी की बात तो यह है कि यहां सेल्फी लेने और प्रेमी युगल का जमावड़ा लगा रहता है। बावजूद इसके किसी ने शव पड़े होने की सूचना नहीं दी। शुक्रवार को नगर निगमकर्मी ग्रीन बेल्ट पर पानी डालने पहुंचे तो उन्होंने युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी थी। युवक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिल सका है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। एसआई हेमराज कुमरे ने बताया कि राजेश अहिरवार नगर निगम में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह वह नर्मदापुरम सड़क पर बने ग्रीन बेल्ट पर पानी डालने पहुंचे थे। इस दौरान एमप्री गेट के सामने ग्रीन बेल्ट पर पानी डालते समय उनकी नजर पड़ी तो एक युवक की लाश पड़ी नजर आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पता चला कि लाश पेड़ किनारे पड़ी हुई है। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 साल के आसपास होगी। वह हल्की सफेद गुलाबी कलर की शर्ट पहने हुआ था, जबकि काला चेक वाला पेंट पहने हुए था। उसके बाएं हाथ पर आरएस लिखा हुआ है। साथ ही दिल गुदा हुआ है। लाश करीब दो दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज हो चुकी थी।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो गिरफ्तार



**भोपाल।** हनुमानगंज पुलिस ने गत 7 जून की देर रात युवक पर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल चाकू और डंडा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आफताब पिता मोह.उमर खान (19) गरम गड्डा सिकंदरी सराया, स्टेशन बजरिया में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसका भाई आजिन भोपाल टाकीज पर चाय की दुकान पर काम करता है। उसने मुझे फोन से बताया कि मेरा झगड़ा हो गया है तुम मुझे आकर दुकान से ले जाओ। आफताब उसे लेने भोपाल टाकीज दुकान पर पहुंचा। उस समय रात करीब एक बजे थे। आफताब और आजिन को अपनी गाडी से घर जा रहा थे, तभी भोपाल टाकीज चौराहा पर पीछे से दो लडके आए और गालीगलौज करने लगे। इसी बीच एक लडके ने डंडे से मारा और दूसरे लड़के ने चाकू से पीठ पर हमला कर दिया। आरोपियों ने जाते से कहा था कि यदि पुलिस से शिकायत करोगे तो जान से खत्म कर देगे। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत दर्ज कर जांच की। पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लगे कैमरों को चेक किए और घटनास्थल के आस पास लोगों से पूछताछ की। इस दौरान 16 जून को मुखबिर की सूचना पर भोला उर्फ अतीक खान (70) जनता नगर करोंद और अलताफ खान (20) जनता नगर करोंद को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने चाकू और डंडे से जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार ली।

## रॉयल एनफील्ड के शोरूम में स्टोर कीपर की मौत

**खून की उल्टियां करने पर अस्पताल लेकर पहुंचे थे साथी कर्मचारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित रॉयल इन फील्ड शोरूम में शनिवार दोपहर स्टोर कीपर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी थी और खून की उल्टियां होने लगी। साथी कर्मचारी उसे शोरूम के पास निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार ओमकार लोधी पिता बालकृष्ण लोधी (25) गैरतगंज, रायसेन का था। वह अशोका गार्डन में कमरा किराए पर लेकर रह रहा था और प्रभात चौराहा के पास रॉयल इन फील्ड के शोरूम में स्टोर कीपर का काम करता था। सुबह करीब साढ़े दस बजे वह शोरूम पहुंचा था। उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी और उसे खून की उल्टियां होने लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

## लोको पायलट की कार को डंपर ने मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित राजा भोज चौराहा पर डंपर ने लोको पायलेट की कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। गनीमत रही कि इस हादसे में लोको पायलेट और उनके परिवार को चोट नहीं आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार दीपक कुमार गोहे पिता कारू गोहे (33) आशिमा डिवाइन सिटी,बागमुगालिया नर्मदापुरम रोड पर रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे रेलवे में लोको पायलट है।

शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने परिवार के साथ अपनी कार से खरीदारी करने विशाल मेगा मार्ट एमपी नगर जा रहे थे। 80 फीट रोड पर राजा भोज चौराहा पहुंचते ही पुलिया के पास कि पुलिया के पास डंफर के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्क डंपर चलाकर उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मेरी कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। डंफर का ड्राइवर कुछ देर रुका और फिर वहां से डंपर लेकर निकल गया। पुलिस डंपर चालक और डंपर की तलाश कर रही है।



#### अस्सी फीट रोड पर डंपरों की जमाचौकड़ी

बायपास से चूनाभट्टी के लिए बनाया गया यह 13 किलोमीटर के इस अस्सी फीट रोड डंपर और हैवी वाहनों की जमा चौकड़ी है। डंपर चालक बिना एंट्री के भी यहां प्रवेश कर रहे हैं और बेलगाम दौड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बागसेविनया से कटारा हिल्स तक इस रोड पर आवाजाही अधिक और जाम की स्थिति भी बन जाती है। यहां बागसेवनिया और कटारा हिल्स थाने की सीमा लगती है। बावजूद इसके पुलिस इन डंपरों के ड्राइवर और मालिक पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**भोपाल।** इधर बजरिया थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सीने में दर्द होने के कारण परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया है। पुलिस ने बताया प्रेमनारायण पिता खुमान सिंह (37) सरस्वती स्कूल के पीछे सेमरा, स्टेशन बजरिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उसकी तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द और घबराहट होने के कारण उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## दंपती में विवाद, पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। मायके पक्ष ने पति पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार वर्षा सराठे पति दीपक सराठे (28) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अयोध्या नगर में रहती थ्ज्ञी। 12 जून गुरुवार को उसने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पति उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था। 5 साल के बच्चे को धूप में खड़ा रखने पर पति ने लगाई थी पत्नी को फटकार वहां इलाज के दौरान शनिवार को महिला की मौत हो गई। शनिवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। मायके पक्ष ने बताया कि वर्षा का पति दीपक सराठे शराब कंपनी में काम करता है। वह वर्षा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। घटना के दिन वर्षा ने अपने पांच साल के बेटे को शैतानी करने पर धूप में खड़ा कर दिया था। इससे नाराज होकर पति ने उससे विवाद किया था। विवाद के बाद गुस्से में वर्षा ने फांसी लगा ली।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित छहघरा इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह डिप्रेशन में था और शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 50 साल मलखान छहघरा इलाके में रहता था और प्राइवेट काम करता था। परिजन ने बताया कि शनिवार दोपहर वह घर पर था और उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



## गुरुनानक मंडल की संकल्प सभा में विकसित भारत का लिया संकल्प

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

**भाजपा गुरुनानक मंडल ने आज ईदगाह हिल्स स्थित योग केंद्र में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।**

गुरुनानक मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व में हमारा देश विकसित भारत बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की, जिससे उपस्थित जनसमुदाय को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

कार्यक्रम में विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के कैंप लगाए गए। इनमें निःशुल्क आँखों की जाँच कर चश्मे वितरित किए गए, वहीं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों और उपलब्धियों को दर्शाती एक आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर संकल्प सभा प्रभारी यतीन मकवाना, भगवानदास ढालिया, सुनील सराठे, नरेंद्र ठाकुर, मुकेश सोलंकी, संदीप कल्याणे, गोवर्धन अहिरवार, सुकांति ठकुरिया, लक्ष्मी महाजन, कुसुम हिरवे, मीरा बाई, गोलू, चंदू सहित सेवा सदन चिकित्सालय के चिकित्सक और क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया।

**मेट्रो एंकर** — बाल संत समागम- बच्चों में आध्यात्मिक चेतना पर जोर

# 'तंग दायरों की तोड़ दीवार' का संदेश

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

निरंकारी मिशन के भोपाल ज़ोन 24 ए में आज, शनिवार को संत निरंकारी सत्संग भवन, जहांगीराबाद में एक विशेष ज़ोन स्तरीय बाल संत समागम का आयोजन किया गया। तंग दायरों की तोड़ दीवार - असीम की ओर हो विस्तार विषय पर केंद्रित इस समागम में गुड़गांव से नवीन कुमार भाषी उपस्थित रहे।

भाषी ने बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार एक छोटे पौधे को सुरक्षित रखने के लिए चारों ओर घेरा बनाया जाता है, उसी प्रकार यदि बच्चों को बचपन से ही आध्यात्मिक देखरेख में रखा जाए, तो वे बड़े होकर गुरसिख के रूप में निखरते हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे बच्चे दुनियावी माया, मानसिक कुरीतियों और बुराइयों से अप्रभावित रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी ब्रांचों में ऐसे आयोजन लगातार हो रहे हैं, जिससे बच्चों में भक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, और यह बच्चे बड़े होकर अपने माता-पिता, निरंकारी मिशन और देश का नाम रोशन करेंगे।




**भक्तिमय प्रस्तुतियों से गूंजा वातावरण-** समागम में बच्चों ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। निरंकारी बाल संतों ने नृत्य, नाटक और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर एक भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। उन्होंने अपने अभिनय और कला के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को तंग दायरों की तोड़ दीवार - असीम की ओर हो विस्तार का संदेश दिया और निरंकारी मिशन की गतिविधियों से भी अवगत कराया। समागम के अंत में, ज़ोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले बाल संतों को पौधे भेंट कर आभार व्यक्त किया। अखिलेश यादव ने भी आभार प्रकट किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022